ମହାନଦୀ କୋଲଫିଲ୍ଡସ୍ ଲିମିଟେଡ महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड Mahanadi Coalfields Limited	महाप्रबंधक (प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान /राजभाषा) का कार्यालय, एमसीएल, मो./डाकघर: जागृति विहार, बुर्ला, संबलपुर At-AnandVihar, PO-Jagrutivihar, Sambalpur	MCL

राजभाषा कार्यशाला – दिनांक 20 अक्टूबर 2020

दिनांक 20.10.2020 को प्रातः 10:30 बजे एमसीएल मुख्यालय में संयुक्त रूप से राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सम्बलपुर के नामित राजभाषा अधिकारी, राजभाषा प्रतिनिधिगण तथा एमसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों तथा क्षेत्रों से कुल 55 अधिकारी/कर्मचारी सम्मिलित हुए। कार्यशाला का उदघाटन महाप्रबंधक (राजभाषा) महोदय द्वारा किया गया। कार्यशाला में संकाय सदस्य के रूप में श्री निर्मल कुमार दुबे, सहायक निदेशक (कार्यान्वयन), गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, कोलकाता उपस्थित थे। इस कार्यशाला में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने में अन्यतम भूमिका का पालन करने वाले राजभाषा तिमाही रिपोर्ट पर विस्तार से चर्चा की गयी तथा श्री दुबे ने तिमाही रिपोर्ट भरने की प्रक्रिया में होनी वाली आम गलतियों और समस्याओं से प्रतिभागियों को अवगत कराया। इसके साथ ही, राजभाषा कार्यान्वयन में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की भूमिका तथा दायित्वों पर भी विस्तार चर्चा की गयी। श्री दुबे ने कार्यशाला में ऑनलाइन तिमाही रिपोर्ट भरे जाने का आग्रह किया। कार्यशाला के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों ने संकाय से दैनंदिन कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा उपयोग के संबंध में आने वाली समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। अंत में श्रीमती तूलिका बिश्वास, सहायक प्रबन्धक (राजभाषा) के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यशाला का समापन हुआ।

***